प्रादेषिक समाचार
आकाषवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 05.04.2026 समय : 18.30 पीएम

00000

- केन्द्र सरकार ने सभी नागरिकों से एलपीजी सिलेंडर बुक कराने के लिए डिजिटल तरीकों का उपयोग करने और गैस वितरकों के पास अनावश्यक जाने से बचने को कहा।
- उप मुख्यमत्री दीया कुमारी ने न्यायपालिका को लोकतंत्र का महत्वपूर्ण और मजबूत स्तम्भ बताया।
- रबी विपणन सत्र 2026–27 के लिए एमएसपी पर गेहूं खरीद के लिए पंजीकृत किसानों को कल तक स्लॉट सुनिश्चित किया जायेगा।
- प्रदेश में एक नये पश्चिमी विक्षोभ के असर से कल से मौसम में फिर से बदलाव की संभावना–13 जिलों में तेज आंधी के साथ बारिश और कहीं–कहीं ओले गिरने की आशंका।

0000

केन्द्र सरकार देश भर में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की उपलब्धता बनाए रखने के लिए सभी प्रयास कर रही है। सरकार ने नागरिकों से एलपीजी सिलेंडर बुक कराने के लिए डिजिटल तरीकों का उपयोग करने तथा गैस वितरकों के पास अनावश्यक जाने से बचने को कहा है। तेल और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने बताया है कि फरवरी से अब तक एलपीजी आपूर्ति 53 प्रतिशत से बढ़कर 90 प्रतिशत हो गई है। मंत्रालय ने कहा है कि कल 90 हजार से अधिक पांच किलोग्राम वाले एफटीएल–छोटे सिलेंडर की बिक्री की गई। ये छोटे सिलेंडर नजदीकी एलपीजी वितरक के पास उपलब्ध है और इन्हें कोई भी वैध पहचान पत्र दिखाकर खरीदा जा सकता है। इनके लिए किसी आवासीय पते की आवश्यकता नहीं है। मंत्रालय ने कहा है कि मार्च 2026 से लगभग 3 लाख 60 हजार पीएनजी गैस कनेक्शन दिये गए है। इनके अलावा तीन लाख 90 हजार से अधिक उपभोक्ताओं ने नए कनेक्शन के लिए पंजीकरण कराया है। वहीं कच्चे तेल की उपलब्धता पर केन्द्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा है कि भारत ईरान सहित 40 से ज़्यादा देशों से कच्चा तेल आयात कर रहा है, और ईरानी कच्चा तेल खरीदने में भुगतान संबंधी कोई समस्या नहीं है। श्री पुरी ने उन रिपोर्टों और सोशल मीडिया पर किए जा रहे दावों को खारिज कर दिया, जिनमें कहा गया था कि भुगतान संबंधी समस्याओं के कारण भारत के वाडिनार से ईरानी कच्चे तेल का एक जहाज़ चीन की ओर मोड़ दिया गया था। सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री पुरी ने इन खबरों को गलत और भ्रामक बताया है। इस बीच पोत, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय ने कहा है कि सभी भारतीय नाविक सुरक्षित है और पिछले 24 घंटे के दौरान भारतीय झंडे वाले किसी भी पोत के साथ किसी कठिनाई की सूचना नहीं है। मंत्रालय ने कहा है कि देश के सभी बंदरगाहों पर संचालन व्यवस्था सामान्य है।

0000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय समुद्री दिवस के अवसर पर कहा कि राष्ट्र आज अपनी समुद्री विरासत और इस क्षेत्र से जुड़े सभी लोगों के अमूल्य योगदान को याद कर रहा है। सोशल मीडिया पर एक संदेश साझा करते हुए श्री मोदी ने कहा कि इस क्षेत्र में लोगों का योगदान देश की अर्थव्यवस्था, व्यापार और संपर्क को मजबूत करने के प्रति समर्पित रहा है। उन्होंने कहा कि आज भारत का समुद्री क्षेत्र तीव्र गति और ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी राष्ट्रीय समुद्री दिवस के अवसर देश की समुद्री सीमाओं के सजग प्रहरियों और सभी नागरिकों को नमन किया है। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि आज समुद्र केवल देश की सीमा नहीं बल्कि उसकी समृद्धि का महान द्वार बन रहा है।

0000

उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा है कि न्यायपालिका लोकतंत्र का महत्वपूर्ण और मजबूत स्तम्भ है। वे आज भीलवाडा में जिला एवं सत्र न्यायालय के नये भवन के शिलान्यास कार्यक्रम के बाद

पत्रकारों से बात कर रही थी। उन्होंने कहा कि 62 बीघा भूमि पर बनने वाले इस नये भवन से न्यायिक कार्यो में तेजी और जनता को राहत मिलेगी।

----

शिलान्यास कार्यक्रम में राजस्थान हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजीव प्रकाश शर्मा सहित कई न्यायाधीश तथा अधिवक्ता मौजूद रहे। भूमि पूजन के साथ जिला बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

0000

प्रदेश में वर्षा जल को सहेजने के उद्देश्य से चलाये जा रहे मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान से हजारों गावों के लाखों परिवारों को राहत मिली है। राज्य सरकार जल संकट से प्रभावित सभी गांवों को चरणबद्ध तरीके से जल के मामले में आत्मनिर्भर बनाने में जुटी है।

----

000

राज्य सरकार ने रबी विपणन सत्र 2026–27 के लिए एमएसपी पर गेहूं खरीद के नये दिशा–निर्देश जारी किये हैं। इन नियमों के तहत गेहूं की खरीद अब गिरदावरी आधार पर होगी और किसानों के लिए स्लॉट बुकिंग व्यवस्था भी अनिवार्य की गई है। सभी पंजीकृत किसानों को कल तक स्लॉट सुनिश्चित किया जाएगा। पंजीकरण प्रक्रिया के दौरान किसान 31 मई तक अपनी पसंद के किसी भी सप्ताह का चयन कर स्वयं की उपज खरीद केन्द्र पर बेचने के लिए ला सकेंगे। पिछले वर्षो की तरह टोकन अब खरीद केन्द्र की ओर से जारी किये जायेंगे, जिसमें क्षेत्रीय कार्यालय की मंजूरी होगी। इससे खरीद केन्द्रों की दैनिक खरीद क्षमता का पूरा उपयोग हो सकेगा और किसानों को अनावश्यक इंतजार नहीं करना पडेगा। इस बीच प्रदेशभर में खरीद केन्द्रों पर गेहूं खरीद के लिए व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं।

000

कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि बेमौसमी बरसात और ओलावृष्टि से पीड़ित किसानों को चिंता करने की ज़रूरत नहीं है। उन्होंने कहा है कि सरकार स्थिति पर नज़र बनाए हुए है और किसानों को हुए नुकसान का जायजा लेने के लिए संबंधित राज्यों के कृषि मंत्रियों के साथ विस्तृत चर्चा की जाएगी। श्री चौहान ने कहा कि स्थिति के आकलन के बाद ज़रूरी कदम उठाए जाएंगे।

0000

प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में पश्चिम विक्षोभ के असर से पिछले दिनों हुई बारिश से ज्यादातर स्थानों पर तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। जोधपुर, जैसलमेर, बीकानेर, अजमेर और जयपुर सहित कई शहरों में पारा सामान्य से नीचे दर्ज हो रहा है। मौसम विभाग के अनुसार मौजूदा सिस्टम का असर आज कुछ कम रहेगा, जिससे बारिश की गतिविधियां कम हो सकती हैं। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक डॉ. राधेश्याम शर्मा ने बताया कि कल से एक नये पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से मौसम में बदलाव होने के आसार है।

----

0000

प्रदेश के विभिन्न शहरों में कड़ी सुरक्षा के बीच आज से दो दिन की एसआई भर्ती परीक्षा–2025 शुरू हुई। आज पहले दिन अजमेर के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का राजस्थान लोक सेवा आयोग के सचिव रामनिवास मेहता ने औचक निरीक्षण किया। अलवर में भी परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षार्थियों को कडी जांच के बाद प्रवेश दिया गया। गौरतलब है कि आरपीएससी की ओर से आयोजित इस परीक्षा के लिए राज्यभर में 1 हजार 174 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है। परीक्षा में 7 लाख 70 हजार परीक्षार्थी पंजीकृत है। परीक्षा का आयोजन दो पारियों में  सुबह 11 बजे से 1 बजे और दोपहर 3 बजे से 5 बजे तक किया जा रहा है।

0000

विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने आज नई दिल्ली में साधना सप्ताह के तहत कई पहलों का शुभारंभ किया। इनमें उन्नति पोर्टल और कर्मयोगी कर्तव्य कार्यक्रम के राष्ट्रीय स्तर पर कार्यान्वयन की रूपरेखा शामिल हैं। डॉ. सिंह ने एक विशेष सत्र में कहा कि मिशन कर्मयोगी ने पांच वर्ष पूरे कर लिए हैं। यह सरकारी कर्मचारियों की क्षमता निर्माण में महत्वपूर्ण प्रगति का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि दो से आठ अप्रैल तक मनाया जा रहा साधना सप्ताह सरकारी अधिकारियों के बीच

**लगातार** सीखने की संस्कृति को मजबूत करने और कौशल वृद्धि को बढ़ावा देने का लक्ष्य रखता है।

0000

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर अगली पीढ़ी की अमृत भारत रेलगाडियों के डिब्बों का निरीक्षण किया। रेल मंत्रालय ने कहा कि इन डिब्बों को यात्रियों के आराम, सौंदर्य और समग्र यात्रा अनुभव को बेहतर बनाने के लिए सोच–समझकर डिजाइन किया गया है। मंत्रालय ने बताया कि इन डिब्बों को विशिष्ट आंतरिक रंग थीम से सुसज्जित किया गया है। इसमें पीवीसी फर्श, सीट और बर्थ **रैग्जीन**, स्नैक्सटेबल, पर्दे और शौचालय क्षेत्रों जैसे प्रमुख घटकों में समन्वित रंगों का उपयोग किया गया है। मंत्रालय ने बताया कि इन डिब्बों में उपयोग की गई सभी सामग्री जोखिम स्तर–3 अग्नि सुरक्षा मानकों के अनुरूप है।

0000

दुनियाभर में आज ईस्टर मनाया जा रहा है। यह अवसर प्रार्थना, पश्चाताप और प्रभु यीशु मसीह के जीवन के अंतिम चरण को याद करने के पवित्र सप्ताह का प्रतीक है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ईस्टर के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। प्रदेश में जयपुर, अजमेर सहित विभिन्न स्थानों पर ईस्टर पर्व पारम्परिक श्रद्धा से मनाया जा रहा है। उधर वैशाख चतुर्थी का पर्व पारम्परिक धार्मिक आस्था के साथ मनाया जा रहा है। सवाईमाधोपुर जिले में चौथ का बरवाडा स्थित चौथ माता के मंदिर में सुबह से श्रद्धालुओं का आना जारी है। महिलाओं ने चौथ माता के दर्शन कर व्रत की कथा का श्रवण किया। मंदिर में दर्शनों का सिलसिला चंद्रोदय तक जारी रहेगा।

0000